संख्या–वे0आ0–2–402/दस–54(एम)/2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक : 18 मार्च, 2011

विषयः– वेतन समिति (2008) के पत्र दिनांक 02 दिसम्बर, 2010 के माध्यम से दन्त संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी विस्तृत संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है वेतन समिति द्वारा दन्त संवर्ग के सम्बन्ध में पत्र दिनांक 02 दिसम्बर, 2010 के माध्यम से दी गयीं संस्तुतियों पर निम्न निर्णय लिये गये हैं :––

(1) उ0प्र0 दंत शल्यक सेवा संवर्ग का पुनर्गठन वर्तमान में सृजित कुल 312 पदों की सीमा के अन्तर्गत रहते हुए किया जाय।

(2) उ0प्र0 दंत शल्यक सेवा संवर्ग में निदेशक वेतनमान रू0 18400–22400 (सादृश्य वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 10000/–) का एक पद दिया जाय।

(3) संवर्ग में अपर निदेशक वेतनमान रू0 16400–20000 (सादृश्य वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8900/–) के दो पद रखें जायें।

(4) संयुक्त निदेशक रू0 14300–18300 (सादृश्य वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8700/–) के वर्तमान में सृजित 02 पद बनाये रखे जायें। वरिष्ठ परामर्शदाता वेतनमान रू0 14300–18300 (सादृश्य वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8700/–) के वर्तमान में सृजित 04 पदों के स्थान पर 24 उपलब्ध कराये जाय।

(5) संवर्ग में वरिष्ठ दन्त शल्यक तथा संयुक्त निदेशक/वरिष्ठ परामर्शदाता के मध्य नया स्तर सृजित करते हुए परामर्शदाता पदनाम से वेतनमान रू0 12000–16500 (सादृश्य वेतन बैण्ड–3, रू0 15600–39100 एवं ग्रेड वेतन रू0 7600/–) में 55 पद रखें जायें।

(6) वरिष्ठ दन्त शल्यक वेतनमान रू0 10000–15200 (सादृश्य वेतन बैण्ड–3, रू0 15600–39100 एवं ग्रेड वेतन रू0 6600/–) के पदों

की संख्या 33 से बढ़ाकर 70 निर्धारित की जाय।

(7) दन्त शल्यक वेतनमान रू0 8000–13500 (सादृश्य वेतन बैण्ड–3, रू0 15600–39100 एवं ग्रेड वेतन रू0 5400/–) के 272 पदों को घटा कर 158 पद रखें जायें।

(8) पूर्व उप प्रस्तरों में की गयी संस्तुति के अनुसार पुनर्गठन के उपरान्त उत्तर प्रदेश दन्त शल्यक संवर्ग का ढ़ाँचा निम्नवत् होगा :–

क0 सं0	पदनाम	वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन (रू0)	पदों की संख्या
(1)	(2)	(3)	(5)
1	दन्त शल्यक	15600–39100 एवं 5400	158
2	वरिष्ठ दन्त शल्यक	15600–39100 एवं 6600	70
3	परामर्शदाता	15600–39100 एवं 7600	55
4	संयुक्त निदेशक/वरिष्ठ परामर्शदाता	37400–67000 एवं 8700	26
5	अपर निदेशक	37400–67000 एवं 8900	02
6	निदेशक	37400–67000 एवं 10000	01
		कुल पद संख्या	312

(9) उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग हेतु वर्तमान में निर्धारित ए0सी0पी0 की व्यवस्था के स्थान पर भविष्य में समयमान वेतनमान की कोई विशिष्ट योजना लागू करने का निर्णय लिया जाय तो उक्त निर्णय उत्तर प्रदेश दंत शल्यक संवर्ग पर भी लागू किया जाय।

2– कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजय अग्रवाल)
विशेष सचिव।

संख्या–वे0आ0–2– 402(1)/दस–54(एम)/2008टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1
(2) कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।
(3) निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेब साइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव।